आकाशवाणी शिमला

21.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोलन जिले के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टेटनस और डिप्थीरिया टीके का शुभारंभ किया। यह टीका टेटनस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव करने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि इस स्वदेशी वैक्सीन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा की रक्षा और भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने देश में चल रहे सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम करार दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गर्भावस्था पंजीकरण के समय से ही लाभार्थियों की निगरानी यू–विन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाती है।

स्वीकृति

राज्य सरकार ने रोड़ ड्रेनेज पॉलिसी को स्वीकृति दी है। इस नीति का उद्देश्य सशक्त सड़क बुनियादी अधोसंरचना के एक नए युग की शुरूआत करना है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ये नीति मॉनसून में होने वाले भारी वर्षा के कारण सड़कों के नुकसान को कम करने में प्रभावी साबित होगी। नीति में पहाड़ी ढलानों की मज़बूती पर भी विशेष बल दिया गया है और भूस्खलन संभावित व रिसाव क्षेत्रों में निवारण उपाय अनिवार्य किए गए हैं।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार की नीतियों को जनविरोधी करार दिया है। हमीरपुर में भाजपा प्रदेश शहरी प्रकोष्ठ की बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर राज्य सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ए. आई. और नई तकनीकों का विरोध कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस तकनीकी प्रगति में बाधा डालने का कार्य कर रही है।

सांसद

दूसरी ओर सांसद राजीव भारद्वाज ने ए.आई. समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों से देश की प्रतिष्ठा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़ी होती है और सभी दलों को इस दिशा में एकजुट होकर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

भेंट

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अगले चरण में करीब एक हज़ार 2 सौ किलोमीटर नई सड़कों का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। इन सड़क परियोजनाओं के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है। ये जानकारी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट के दौरान दी। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री से विशेष रूप से शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा–क्वार की सड़क परियोजनाओं का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क परियोजना कार्यों के लिए विशेष छूट देने का आग्रह किया।

आईटीबीपी

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस ने आज स्पिति के काज़ा में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत स्थानीय लोगों को सोलर पैनल वितरित किए। ये पहल केंद्र सरकार के वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सीमांत गांवों का समग्र विकास और स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज.ऑन ए. आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

....